दिनांक : 05.06.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

कैबिनेट बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। जिसमें 17वीं लोकसभा को भंग करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया। इस बैठक में केन्द्रीय अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह सहित अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुॅंच गये हैं।

सरकार गठन

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं।

543 सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 292 सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले 240 सीटें हासिल की हैं। तेलुगु देशम पार्टी को 16 और जनता दल-यूनाईटेड को 12 सीटें मिली हैं।

 ई.एन डी. ई गठबंधन ने 233 सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गई हैं। कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीती हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 29 और डीएमके ने 22 सीटों पर विजय हासिल की हैं।

इस बीचए एनडीए की ज राजधानी दिल्ली में बैठक हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार भी एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच गए है। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडु भी दोपहर तक पहुंचने वाले हैं।

उधरए ईएनडी ईए गठबंधन की भी ज शाम राजधानी दिल्ली में बैठक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चुनाव नतीजों और गे की रणनीति पर विचार के लिए शाम छह बजे गठबंधन की बैठक होगी। इसमें राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव भी भाग लेने के लिए पहुंच गए हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में आज विश्व पर्यावरण दिवस से जल संवर्धन और संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान में बढ़–चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है। सतना में आज जल संरक्षण संवर्धन अभियान का शुभारंभ कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में सोहावल विकासखंड के पुरैनी ग्राम पंचायत के प्राचीन तालाब पर किया गया। इस मौके पर कई अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। टीकमगढ जिले मे जल स्त्रोतो के संरक्षण और पुर्नजीवन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला कलेक्टर अधिकारियों को अभियान के तहत गतिविधियों के आयोजन के निर्देशित किया है। नगरीय क्षेत्रों मे नागरिकों को रैन बॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए

प्रोत्साहित भी किया जाएगा। जन–जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय मे जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ–सफाई की जाएगी। 9 जून को संरचनाओं की कलशयात्रा तथा जल सरंक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्त्रोतों के किनारे संस्कृतिक कार्यक्रम, गंगा आरती, भजन समारोह आयोजित किए जाएगे।

विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के दौरान की गई थी। पहला पर्यावरण दिवस 1 एक वर्ष बाद 1973 में मनाया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाना और पर्यावरणीय मुद्दों पर वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली के बुद्धा जंयती पार्क में पौधा रोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोडों पेड लगाने के लिए अनुठा जन आनदोलन बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि आज के समय की मांग है। इस अवसर पर हम संकल्प लें कि जल बचाकर, हरित ऊर्जा का उपयोग कर तथा अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर हम अपने आस–पास के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे।"

मौसम

प्रदेश में नौतपा के बाद अब बारिश और आंधी का दौर शुरू हो गया है। भोपाल में दिन में गर्मी और शाम होते ही बारिश हो रही है। जो आज भी बना रहेगा। मौसम विभाग ने लगातार तीसरे दिन आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि निवाड़ी, दतिया समेत कई शहरों में लू का असर भी रहेगा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 32 जिलों में लू, आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले कल पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे यह समय पर मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है। वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आंधी, बारिश का दौर बन रहा है।